दिनांक 24.05.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

लोकसभा चुनाव

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चरण में 6 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों के लिए कल मतदान होगा। इनमें बिहार की आठ, हरियाणा की सभी दस सीट, जम्मू-कश्मीर की एक, झारखण्ड की चार, दिल्ली की सभी सात सीट, ओडिसा की छह, उत्तर प्रदेश की 14 और पश्चिम बंगाल की आठ सीट शामिल हैं। इस चरण में कुल आठ सौ 89 उम्मीदवार मैदान में हैं।

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी का सिलसिला जारी है। राज्य के कई जिले तेज गर्मी और लू की मार झेल रहे हैं। चम्बल के साथ मालवा के कई इलाकों में भी तापमान रिकॉर्ड 44 से 46 डिग्री के पार जा पहुंचा है। कल गुना सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 46 दशमलव 6 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में पारा 44 दशमलव 4 डिग्री दर्ज किया गया। यह सीजन का सबसे अधिक है। यहाँ लगातार 5 दिन से पारा 42 डिग्री के पार है। नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, खजुराहो, नौगांव, रायसेन, नरसिंहपुर, सागर और खरगोन में भी तापमान 40 डिग्री से लेकर 44 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने आज भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है। आज प्रदेश के आधे हिस्से में लू चलने की चेतावनी भी जारी की है।

पुणे-एनडीए

महाराष्ट्र में पुणे के खडकवासला में आज राष्ट्रीय रक्षा अकादमी- एनडीए के 146वें पाठ्यक्रम के कैडेट की पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया । थल सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय ने परेड का निरीक्षण किया । एनडीए में तीन वर्ष के कठोर प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर पासिंग आउट परेड का आयोजन किया

जाता है। इस अवसर पर कुल 205 कैडेट को स्नातक उपाधि प्रदान की गई। मित्र देशों के 17 कैडेट को भी समारोह में डिग्री प्रदान की गई।

नारद जयंती

आज नारद जयंती है। धार्मिक मान्यता है कि ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को देवर्षि नारद का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को नारद जयंती के रूप में मनाया जाता है। नारद जी को आदि पत्रकार भी मन जाता है । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नारद जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है।

मप्र पर्यटन

प्रदेश में पर्यटकों की संख्या ने नया रिकॉर्ड बनाया है। साल 2023 में देशी-विदेशी 11 करोड़ से ज्यादा पर्यटक प्रदेश आए । पर्यटकों की पहली पसंद उज्जैन है । महाकाल लोक देखने के लिए सबसे ज्यादा 5 करोड़ 28 लाख श्रद्धालु पहुंचे। मैहर, इंदौर, चित्रकूट और ओकारेंश्वर भी पसंदीदा जगहों में शीर्ष पर है। 2022 में पर्यटकों की संख्या 3 करोड़ 41 लाख थी । मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम का आज स्थापना दिवस है। इसलिए इस दिन को मध्यप्रदेश पर्यटन दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

कम्बोडिया-भारतीय नागरिक

कंबोडिया में भारतीय दूतावास द्वारा धोखेबाज नियोक्ताओं से बचाए गए 60 भारतीय नागरिक वापस भारत लौट आये हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, नोम पेन्ह में भारतीय दूतावास ने कंबोडियाई अधिकारियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। कंबोडियाई अधिकारियों ने धोखाधड़ी वाले रोजगार के 60 पीड़ितों को घर लौटने में सहायता की और कानूनी कागजी कार्रवाई में मदद की।

बैडमिंटन

पीवी सिंधु क्वालालम्पुर में मलेशिया मास्टर्स के महिला सिंगल्स सेमीफाइनल में पहुंच गई है। दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता सिंधु ने कवार्टर फाइनल में चीन की हान

यूई को 21-13, 14-21, 21-12 से पराजित किया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में अश्मिता चलिहा को चीन की झांग ई मान से हार का सामना करना पड़ा। अन्य श्रेणियों में राउंड 16 में भारत का अभियान समाप्त हो गया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

1. लोकसभा चुनावों के अंतर्गत भोपाल लोकसभा क्षेत्र में मतगणना के विभिन्न कार्यों के दायित्वों की तैयारी के संबंध में आज कलेक्टर कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया ।

2. खंडवा में कृषि एवं कृषि संबंद्ध विभागों की इन्दौर संभाग की बैठक का आयोजन कृषि उत्पादन आयुक्त एस.एन. मिश्रा की अध्यक्षता में इन्दौर में संपन्न हुआ।

3. रायसेन जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आम जन को कानून से संबंधित जानकारी प्रदान किए जाने के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे है।

4. कटनी में कृषि विभाग एवं ईफकों के सहयोग से विकासखण्ड बहोरीबंद के ग्राम तेवरी पंच एवं इसके आस पास के ग्रामों में लगने वाले स्वीट कॉर्न में 300 एकड़ में नैनों यूरिया एवं नैनों डी.ए.पी से बीज उपचार एवं स्प्रे का प्रदर्शन किया गया । और

5. डिंडोरी में ऑनलाइन धोखाधड़ी कर ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसने एक मोबाइल कम्पनी का 5 जी मोबाइल टावर लगवाने के नाम पर लोगों से यह धोखाधड़ी की थी।